राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने आस्ट्रेलिया में भारतीय क्रिकेट टीम की शानदार ऐतिहासिक विजय पर टीम के सभी खिलाड़ियों को बधाई दी

पटना, 19 जनवरी 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने आस्ट्रेलिया में खेली गई 'बॉर्डर–गवास्कर–ट्रॉफी' की टेस्ट श्रृंखला में भारत को 2–1 से मिली शानदार ऐतिहासिक विजय पर भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान सहित सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने कहा है कि अधिकतर नये युवा खिलाड़ियों से लैश भारतीय क्रिकेट टीम ने अपनी प्रतिभा, दृढ़ निश्चय, असीम ऊर्जा और अथकित धैर्य की बदौलत आस्ट्रेलिया की सरजमीं पर ही उसे पराजित कर क्रिकेट की दुनियाँ में भारत का सर ऊँचा कर दिया है। राज्यपाल ने खेलकूद की दुनियाँ में भी भारत की बढ़ रही वैश्विक प्रतिष्ठा पर खुशी जाहिर की है।

राज्यपाल श्री चौहान ने भारतीय क्रिकेट टीम को शुभकामनाएँ देते हुए कहा है कि उम्मीद की जाती है कि भारतीय खिलाड़ी भविष्य में भी अपना ऐसा ही उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखेंगे।

ज्ञातव्य है कि ब्रिस्बेन के गाबा में उक्त किक्रेट श्रृंखला के चौथे और आखिरी टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को आज तीन विकेट से हराकर भारत ने 2–1 से यह सीरीज जीतने में कामयाबी हासिल की है।

....